पिछले 50 साल से लगातार प्रकाशित पुणे का एकमात्र हिंदी दैनिक

# आज का आनंद

खुद बदलो ! दुनिया बदल जायेगी...

पुणे, सोमवार, 29 जून 2020, पृष्ठ :16, ₹ 7 वर्ष : 50, अंक : 90

# निसर्ग तूफान पीड़ितों को 50 लाख रुपए की मदद प्रदान

## फिनोलेक्स, मुकुल माधव फाउंडेशन और हिंदुजा फाउंडेशन की ओर से की गई पहल

**पुणे, 28 जून (आ.प्र.)**

फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज, मुकुल माधव फाउंडेशन व हिंदुजा फाउंडेशन द्वारा निसर्ग तूफान पीड़ितों को 50 लाख रुपयों को मदद की गई. रत्नागिरी, रायगढ़ जिले में पिछले महीने में आए निसर्ग तूफान से भारी नुकसान हुआ. इसमें पीड़ितों को राहत देने के लिए तीनों संस्थाओं की ओर से लगभग 333 परिवारों को मदद की गई. इसमें छत पर डालने वाले पत्रे, सोलर लैंप, मोमबत्ती, ब्लैंकेट के साथ जीवनावश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया. मुकुल माधव फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी रितु प्रकाश छाब्रिया ने कहा, तूफान पीड़ितों को राहत देने के उद्देश्य से यह मदद स्थानीय प्रशासन के सहकार्य से दी गई. लाइक माइंडेड लोगों के सहकार्य के लिए आभार व्यक्त करती हूं. आने वाले समय में जहां भी जरुरत पड़ेगी वहां हम आगे रहेंगे.

रायगढ़ जिले की पालकमंत्री अदिती तटकरे ने कहा कि रितु छाब्रिया ने सामाजिक भाव से जो मदद की है इसके कारण उन लोगों को बड़ी राहत मिली है. उन्हें बारिश से पहले पक्का घर और लाइट्स एवं अन्य सामग्रियां मिली हैं.

